Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 22-08-2006

Participants : Kumar Shri Shailendra

an>

Title : Need to provide stoppage of 4164 Down Sangam Express and Chauri-Chaura Express at Manauri Railway Station in Chayal Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री शैलेन्द्र कुमार (चायल) : महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र के रेलवे स्टेशन मनौरी पर 4164 डाउन, संगम एक्सप्रेस एवं चौरी चौरा अप-डाउन का ठहराव किया जाये। क्योंकि मनौरी स्टेशन वायुसेना, जी0जी0 रोड, व्यावसायिक कस्बा टाउन एरिया चायल एवं सराय अकिल तथा लगभग 25 गांवों के लोगों को प्रतिदिन कानपुर व इलाहाबाद आना जाना रहता है, जिसमें सैंकड़ों व्यापारी, नौकरीपेशा अधिकारी, कर्मचारी, छात्र व आम जनता सफर करते हैं। उपरोक्त दोनों ट्रेनों के ठहराव से रेलवे की आय भी बढ़ेगी।

मैं भारत सरकार से मांग करता हूं कि जन भावनाओं का आदर करते हुए उपरोक्त दोनों ट्रेनों का मनौरी स्टेशन पर एक एक मिनट ठहराव कराने की कृपा करें।